Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India
Media and Public Relations Office

दिनांक 31 / 08 / 2022

प्रकाशनार्थ

**बीए-एलएलबी प्रथम वर्ष में प्रवेश की काउंसिलिंग छह सितंबर से**

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की ओर से बीए-एलएलबी(पांच वर्षीय) पाठ्यक्रम में प्रवेश को लेकर काउंसिलिंग का कार्यक्रम जारी कर दिया है। छह सितंबर से विधि संकाय में काउंसिलिंग प्रारंभ होगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रवेश को लेकर कट ऑफ जारी कर दिया है। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर कट ऑफ का अवलोकन कर कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। जारी कार्यक्रम के अनुसार अनारक्षित वर्ग की प्रवेश प्रक्रिया 6-7 सितंबर को विधि संकाय में होगी। अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाती की काउंसिलिंग 8 सितंबर को होगी। यह जानकारी संकायाध्यक्ष प्रो अहमद नसीम ने दी है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को अपने समस्त शैक्षिणक दस्तावेज की मूल प्रतिया और दो दो छायाप्रतियां लाना अनिवार्य है। इसके साथ ही प्रवेश के समय अभ्यर्थी को वित अधिकारी, डीडीयू गोरखपुर यूनिवर्सिटी गोरखपुर के पक्ष में 38 हजार रुपये का डिमांड ड्राफ्ट लेकर आना होगा।

*बीकॉम प्रथम सेमेस्टर- 02 सितबर *

(10:00-02 00 बजे तक) -प्रतीक्षा सूची - अनारक्षित- 118 अक

प्रतीक्षा सूची - अन्य पिछड़ा वर्ग -102 अक

अनुसूचित जनजाति- 64 अक

प्रतीक्षा सूची/ मुख्य सूची - विशेष सवर्ग भूतपूर्व सैनिक पाल्य- उपलब्ध सीटों पर वरीयता क्रम से

बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के छात्र जल्द फीस जमा कराएं

बीकॉम प्रथम सेमेस्टर 2022-23 में नवप्रवेशित छात्रों में से 36 छात्रों के द्वारा अभी तक शुल्क जमा न करने की सूचना विश्वविद्यालय के पोर्टल से परिलक्षित हो रही है। अतः उक्त छात्रों को सूचित किया जाता है कि वे तत्काल विश्वविद्यालय पोर्टल पर जाकर निर्धारित शुल्क जमा कर दें अन्यथा उनकी सीट मानकर मैरिट के आधार पर अन्य छात्रों का प्रवेश ले लिया जायेगा।